Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## प्रेस नोट

- **चित्तौड़गढ़ में रिश्वत लेते पकड़े गये सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के दूसरे बैंक लॉकर तलाशी में मिली 20 लाख 91 हजार रुपये की नगदी**
- **आरोपी से पूछताछ में और खुलासे होने की संभावना**

जयपुर, *14 जुलाई, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर उदयपुर इकाई द्वारा कल चित्तौड़गढ़ में कार्यवाही करते हुये राजेन्द्र प्रसाद लखारा अधिशासी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड चित्तौड़गढ़ को परिवादी से **4 लाख रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। आज आरोपी अधिशासी अभियंता के एच.डी.एफ.सी. बैंक स्थित एक लॉकर की तलाशी में **20 लाख 91 हजार रुपये नगद** मिले हैं।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक)** ने बताया कि ए.सी.बी. की उदयपुर इकाई द्वारा दिनांक 12–7–2023 को चित्तौड़गढ़ में कार्यवाही करते हुये **राजेन्द्र प्रसाद लखारा** अधिशासी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड चित्तौड़गढ़ को परिवादी से **4 लाख रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। उसके पश्चात से आरोपी के आवास एवं ठिकानों की तलाशी का काम जारी था।

आज एसीबी उदयपुर के **उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी की उदयपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह** के नेतृत्व में एसीबी टीम द्वारा आरोपी अधिशासी अभियंता के एच.डी.एफ.सी. बैंक के लॉकर की तलाशी ली गई। बैंक लॉकर की तलाशी में **20 लाख 91 हजार रुपये नगद** मिले हैं। इस प्रकार अब तक आरोपी अधिशासी अभियंता के कब्जे से **89 लाख 67 हजार रुपये** की नगदी बरामद की जा चुकी है।

**एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस श्री सवाई सिंह गोदारा** के निर्देशन में आरोपी से गहन पूछताछ जारी है। **जिसमें और भी सम्पत्तियों के बारे में खुलासा होने की संभावना है।** एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत आय से अधिक सम्पत्ति का प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

**एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक)** ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।